फा .सं : ए ए आई/सी एच क्यू /आई टी डी/48(ई-टेंडरिंग)/50 10 फरवरी, 2011

सेवा में,

क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
उ.क्षे./द.क्षे./ प.क्षे./ पूर्वी.क्षे./ उ.पूर्वी.क्षेत्र
दिल्ली /चेन्नई /मुंबई/कोलकाता/गुवाहाटी

विमानपत्तन निदेशक
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
चेन्नई / कोलकाता /तिरुवनंतपुरम

विषय : भा. वि. प्रा. में ई –टेप्स (ई-टेंडरिंग एवं खरीद प्रणाली) को लागू करना |

महोदय,

सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में ई-टेंडरिंग एवं खरीद प्रणाली (ई–टेप्स) को लागू करने का निर्णय लिया गया है | यह प्रणाली सैप इंजिन पर आधारित है जो कि कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों जैसे कि ओएनजीसी, एनटीपीसी आदि में पहले से ही क्रियान्वित है | यह साफ्टवेयर ऐप. सैप के द्वारा बेहतर तरीके से तैयार की गई है जो कि भा. वि. प्रा. के टेंडरिंग एवं खरीद प्रणाली के अनुरूप है. यह ई –टेप्स ऐप सीवीसी के दिशा निर्देशों के अनुरूप है | इसका वेब सक्षम समाधान (web-enabled solution) भा. वि. प्रा. के नेटवर्क पर होगा और राजीव गाँधी भवन, नई दिल्ली में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के डाटा सेंटर से कार्य करेगा |

क्षेत्रीय मुख्यालय एवं फील्ड स्टेशनों के एक करोड़ या इससे अधिक मूल्य के सभी टेंडर अनिवार्यत: ई –टेप्स प्रणाली के माध्यम से किए जाएंगे | ई –टेप्स प्रणाली के लिए अपेक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियांत्रिकी एवं अन्य विभागों के परामर्श से तैयार किए जाएंगे और क्षेत्रीय मुख्यालय एवं फील्ड स्टेशनों के कार्यपालकों के नामांकन के लिए क्षेत्रीय मुख्यालयों को इस बारे में शीघ्र ही सूचित किया जायेगा | टेंडर प्रक्रिया का संचलन करने वाले संबंधित कार्यपालकों के लिए डिजिटल हस्ताक्षर लेने के लिए प्रबंध किए जा रहे हैं जिसका विवरण अलग से दिया जायेगा |

सभी क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशकों/विमानपत्तन निदेशकों से अनुरोध है कि वे ई-टेंडरिंग मानदंडो को पूरा करने वाले ऐसे कार्यपालकों की सूची तैयार रखें, जो संबंधित परियोजनाओं का संचलन करने वाले हैं | आशा है कि ई –टेप्स 28 फरवरी, 2011 तक प्रारंभ हो जाएगा |

भवदीय,

पी. के. कपूर
कार्यपालक निदेशक (आई टी)

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. अध्यक्ष, भाविप्रा के विशेष कार्यकारी अधिकारी |
2. सदस्य (वित्त)/ सदस्य (योजना)/ सदस्य (मा. संसा)/ सदस्य (ए एन एस)/ सदस्य (प्रचालन)/सीवीओ के निजी सचिव |
3. सभी विभागाध्यक्ष, निगमित मुख्यालय

सरकारी ई - खरीद प्रणाली

etenders.gov.in के लिए प्रशासनिक खाते के लिए अनुरोध फॉर्म

व्यक्तिगत विवरण:		
1	श्रीमान/श्रीमती/सुश्री/डॉ/श्री	
2	प्रथम नाम*: अंतिम नाम*:	
3	जन्मतिथि*: दि./माह/वर्ष:	
4	लॉगिन आईडी* यथा abc@aai.aero:	
5	संगठन का नाम*:	
6	विभाग/क्षेत्र*:	
7	प्रभाग*:	पदनाम:
8	सांकेतिक प्रश्न*: (भरने की आवश्यकता नहीं)	
9	सांकेतिक उत्तर*: (भरने की आवश्यकता नहीं)	
10	पता-1*:	
11	पता-2*:	
12	जिला:	
13	शहर*:	
14	वैकल्पिक/पत्राचार ई- मेल आई डी*:	
15	दूरभाष*: 91:एसटीडी: नं:	
16	फ़ैक्स: 91:एसटीडी: नं:	
17	मोबाइल*:	
18	उपभोक्ता की भूमिका निविदा/सर्जक/प्रकाशक/बोली खोलने वाला/मूल्यांकक	
19	(एक या अधिक जो लागू हो चुनें)** ई-पब्लिश मॉड्यूल में केवल दो रोल्ल निविदा सर्जक एवं प्रकाशक होते हैं	
20	अनुरोधकर्ता हस्ताक्षर सहित नाम	

दिनांक:

निविदा आमंत्रण प्राधिकारी/अनुमोदनकर्ता
के विवरण सहित हस्ताक्षर

मोहर:

नाम: ---------------------------

टिप्पणी - अनुरोध किया गया निविदा प्रशासनिक खाता विवरण ई- मेल द्वारा सूचित कर दिया जाएगा।

डिसक्लेमर : **यह खाता सरकारी ई-खरीद प्रणाली टेंडर पोर्टल पर निविदा सूचना बनाए रखने एवं प्रकाशन के लिए निविदा कागजात में उपभोक्ता सूचना एवं विषय वस्तु की सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी खाता के प्राधिकृत उपभोक्ता की होगी और साथ ही टेंडर प्रशासन के लिए संबन्धित निविदा आमंत्रण प्राधिकारी जिम्मेदार होगा। प्रणाली निष्पादन एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी एन.आई.सी की होगी ।**